# कड़ाके की ठंड से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित

## दोपहर तक घरों में दुबके रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में सोमवार को अल सुबह चार बजे से ग्यारह बजे तक घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। इस दौरान सड़कों पर वाहनों की गति धीमी रही और दोपहर तक लोग घरों में दुबके रहे। खास बात यह रही कि सुबह 11 बजे के बाद शाम तक अच्छी धूप खिले रहने से लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं, मौसम में घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

सोमवार को सुबह से लेकर दोपहर 11 बजे तक सड़कों पर घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर चलने से कामकाजी लोग बामुश्किल अपने गंतव्यो पर पहुंचे। आलम यह रहा कि सुबह से ग्यारह बजे तक कड़ाके की ठंड से लोगों की कंपकपी छुटाए रखी। लोगों ने अलाव व हीटर पर सेंककर किसी तरह अपने काम धंधे निपटाए। मगर राहत की बात यह रही कि सोमवार को दोपहर बाद धूप खिलने से बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चों ने घरों से बाहर निकलकर धूप का आनंद लिया। वहीं, फसलों को कोहरे से बचाने के लिए किसान उनमें सिंचाई और दवाइयों का स्प्रे करने लगे हैं।




यमुनानगर। घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर लाइट जलाकर अपने गंतव्य पर जाते हुए वाहन और अलाव सेंककर राहत पाने का प्रयास करते हुए कामकाजी लोग।

### निमोनिया, खांसी व जुखाम से पीड़ित होने लगे लोग

मौसम में दिनों दिन ठंड बढ़ने से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। इस दौरान पानी को गर्म करके पीएं और ठंडी वस्तुओं के खाने से परहेज करें।

### तापमान में आई गिरावट

सोमवार को सुबह से लेकर दोपहर तक छाए रहे घना कोहरा और बाद में कुछ देर निकली धूप की वजह से जिला का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले कुछ दिन तक मौसम में बदलाव होते रहने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### हर वर्ग के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध सरकार

**यमुनानगर।** श्री गुरु रविदास मंदिर प्रबंधक सभा खालसा कॉलेज रोड़ यमुनानगर द्वारा श्री गुरु रविदास मंदिर का 75वां स्थापना दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बतौर मुख्यातिथि एवं नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने बतौर विशिष्ठ अतिथि शिरकत की। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि आज का यह ऐतिहासिक अवसर केवल श्री गुरु रविदास मंदिर के 75वें स्थापना दिवस का उत्सव नहीं है। बल्कि यह समता, समानता, शिक्षा और आत्मसम्मान की उस विचारधारा का उत्सव है। उन्होंने बताया कि जन्म से कोई व्यक्ति छोटा-बड़ा नहीं होता और इसलिए उन्होंने जन्म के आधार पर भेदभाव का विरोध भी किया था। संतों की विचारधारा समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत होती है।

### चोरों ने दुकान से चुराया हजारों रुपये का सामान

**यमुनानगर।** शहर की न्यू मार्किट में चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर के विश्वकर्मा मोहल्ला निवासी हरदीप सिंह ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी न्य मार्किट में दुकान है। वह 19 दिसंबर को रात नौ बजे दुकान बंद करके अपने घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर आया तो दुकान का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से 10 गैस चुल्हे, 10 कुकर, कुकर का सामान, बाथरूम की टुंटियां व अन्य सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन

# समाधान शिविरों में समस्याओं का हो रहा शीघ्रता से समाधानः गुलाटी

### डीआईओ विनय गुलाटी ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका मौके पर समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समस्या समाधान शिविर में डीआईओ विनय गुलाटी ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका मौके पर समाधान किया। उन्होंने अधिकारियों को समस्या समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्या का त्वरित समाधान किए जाने के निर्देश दिए। डीआईओ विनय गुलाटी ने बताया कि जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में जो शिकायतें आई हैं। उनमें बूड़िया निवासी मोहित गर्ग ने ओल्ड इलेक्ट्रीक कंपनी द्वारा रजिस्ट्रेशन न देने बारे, बूड़िया निवासी नसीमा ने परिवार पहचान पत्र में इंकम दर्ज करने बारे, रामनगर निवासी श्रवण कुमार ने परिवार पहचान पत्र में आय अधिक होने से राशन कार्ड कटने बारे, बकाना निवासी अमर सिंह सैनी ने परिवार पहचान पत्र में इंकम कम करने बारे, बाढ़ी माजरा निवासी राम नरेश ने अवैध रूप से बनाई दिवार हटवाने बारे, भगवानपुर निवासी राजेश कुमार ने उनकी जमीन पर अवैध रूप से गली बनवाने बारे, खदरी निवासी सोनिया धीमान ने आयुष सैंटर की मरम्मत करवाने बारे, भेड़थल निवासी अवतार सिंह ने बिजली विभाग द्वारा विद्युत कनेक्शनों की जांच करवाने बारेए मुसिंबल हिंदवान निवासी विश्वनाथ सैनी ने परिवार पहचान पत्र में इंकम ठीक करवाने बारे समस्या रखी।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए डीआईओ। फोटो : हरिभूमि

### समस्याओं का मौके पर निपटान करने का प्रयास

डीआईओ विनय गुलाटी ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से अब सप्ताह में सोमवार व वीरवार को दो दिन जिलास्तर व उपमंडलस्तर पर सुबह दस बजे से 12 बजे तक समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### त्वरित समाधान पाकर उठाएं लाभ


डीआईओ विनय गुलाटी ने कहा कि समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में आ रही लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने जिलावासियों से अपील की है कि वह अपनी समस्याओं को समाधान शिविर में आकर रखें और त्वरित समाधान पाकर इसका लाभ उठाएं। मौके पर डीआरओ विकास, डीएसपी कवलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### विषय विशेषज्ञ व्याख्यान विद्यार्थियों को शैक्षणिक रुप से बनाते हैं सशक्तः डॉ. कुमार

**यमुनानगर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन(रादौर) में सोमवार को उद्यमिता, कौशल विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने की। संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने कहा कि इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यान विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाते हैं। बल्कि उन्हें सामाजिक रूप से जागरूक, कुशल एवं उद्योग उन्मुख पेशेवर बनने की दिशा में भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के कौशल संवर्धन, नवाचार को प्रोत्साहन तथा स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में संस्था की विभिन्न पहलों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने वालमार्ट वृद्धि परियोजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं नवोदित उद्यमियों को वित्तीय एवं विदेशी मुद्रा प्रबंधन, आयातदृनिर्यात प्रक्रियाएं, कानूनी दस्तावेज एवं अनुपालन, डिजिटल सशक्तिकरण आदि की जानकारी दी।



### मंधार टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**रादौर।** युवा क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में गांव संधाली में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर फाइनल मैच खेला गया। जिसका शुभारंभ गुरुकुल कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मास्टर सतपाल कांबोज ने रिबन काटकर किया। प्रतियोगिता के समापन पर फाइनल मैच गांव धौलरा व मंधार की टीमों के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में पहले बल्लेबाजी करते हुए धौलरा की टीम ने निर्धारित 3 ओवरो में 3 विकेट खोकर 28 रन बनाए। जवाब में मंधार की टीम ने 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ दी मैच नैतिक कांबोज को चुना गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि मास्टर सतपाल कांबोज ने कहा कि ग्रामीण युवा खेलों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। जिससे क्षेत्र व गांवो का नाम रोशन हो रहा है। ग्रामीण युवा नशे से दूर रहकर खेलों में अपना पसीना बहा रहा है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलो में अपना भविष्य बनाने का आग्रह किया। मुख्यातिथि मास्टर सतपाल ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



### बच्चों ने गुरू गोविंद सिंह के परिवार को किया याद

**रादौर।** जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने गुरु गोविंद सिंह के परिवार को याद कर उन्हें नमन किया गया। स्कूल के अध्यक्ष मुकेश शास्त्री ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह का पूरा परिवार एक सप्ताह में ही बिखर गया। यह सप्ताह शहीदी सफरनामा के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह का परिवार समाज के लिए एक मिसाल है। गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहिबजादा व उनकी माता जी को मुगलों ने ठंडे बुर्ज में कैद किया। उन्होंने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी के बडे साहिबजादे युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए और छोटे साहिबजादों को मुगलों ने दीवारों में चुनवा दिया। इस पूरे सप्ताह में गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार देश व समाज के लिए बलिदान हो गया।

### पूर्व प्रधानमंत्री का मनाया जन्मदिवस

**रादौर।** जाटसभा रादौर द्वारा सोमवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह का 123वां जन्मदिवस मनाया गया। इस दौरान सभा के सदस्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री की फोटो पर पुष्प अर्पित किए। जाटसभा के प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों के हितों के लिए संघर्ष में बिताया। वह एक महान व्यक्तित्व के स्वामी थे। जो किसान, मजदूर के हितों की लड़ाई लड़ने में विश्वास रखते थे। किसानों को उन पर गर्व है।

## विधानसभा यमुनानगर में विकास कार्यों में नहीं रहने दी जा कोई कमीः घनश्याम

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्ग दर्शन में यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जा रही है। उक्त शब्द विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहे। उन्होंने दावा जताया कि विधानसभा के सत्र में उन्होंने यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को उठाकर मुख्यमंत्री से उनका निदान किए जाने की मांग की है। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उन्होंने अपने यमुनानगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित कुछ विषय विधानसभा में उठाए हैं। विधायक घनश्याम दास ने कहा कि उन्होंने विधानसभा सत्र में गांव रतनपुरा के लोगों की मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने की मांग की है। वहीं, गांव घोड़ों पीपली व टापू माजरी में यमुना नहर के ऊपर पुल निर्माण किए जाने, बिजली की छोटी इकाई की स्थापना किए जाने, यमुनानगर निगम में सफाई कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाए जाने, सिविल अस्पताल यमुनानगर में भी सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाए जाने, यमुनानगर में बन रहे मेडिकल कॉलेज को चार मार्गीय सड़क से जोड़े जाने आदि समेत कई मांगे रखी।

## विद्यार्थियों में गणित के प्रति रूचि बढ़ाना प्रतियोगिता का उदेश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

होली मदर पब्लिक स्कूल में सोमवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय द वारा एक गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाना तथा उनकी तार्किक और विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास करना रहा। इस प्रतियोगिता में दसवीं से बारहवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया। टीम ए में आकाश, निहारिका, निशिका, टीम बी में अभिषेक, आयुष, यशकांत, टीम सी में वंश, अशमित, प्रीति, टीम डी में वंशिका, जशनदीप, साक्षी तथा टीम ई में आदित्य, मीनाक्षी व मानसी शामिल रहे। इस दौरान प्रतियोगिता को पांच रोचक राउंडस में विभाजित किया गया। जिनमें वार्म अप राउंड, रैपिड फायर राउंड, बजर राउंड, वर्ड प्रॉब्लम राउंड तथा एक्टिविटी राउंड शामिल रहे। सभी राउंड्स विद्यार्थियों के ज्ञान, गति और समझ को परखने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए थे। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ भाग लिया।मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए कहा।

कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के गणित गणित अध्यापक विवेक व रोहित भोला द्वारा किया गया। इस दौरन प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।




यमुनानगर। होली मदर पब्लिक स्कूल में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से प्रश्न पूछते हुए विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि



### शिक्षकों के लिए इन हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**यमुनानगर।** शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल झीवरहेड़ी में शिक्षकों के लिए मूल्य शिक्षा विषय पर इन हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन रिसोर्स पर्सन कपिल बत्रा द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं सकारात्मक व्यवहार को विकसित करने के प्रभावी तरीकों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण सत्र अत्यंत उपयोगी एवं सहभागितापूर्ण रहा। जिससे शिक्षकों को कक्षा शिक्षण में मूल्य आधारित शिक्षा को शामिल करने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक बलवंत सिंह एवं कविता रानी ने कपिल बत्रा का धन्यवाद किया। प्रधानाचार्य रुही रानी ने कहा कि शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण को अत्यंत लाभकारी साबित होगा। उप प्रधानाचार्य जाहिदा ने कहा कि स्कूल में भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें।



### हमें जाति और वर्ण से ऊपर उठकर करना चाहिए शहीदों का सम्मानः मनजिंदर

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर ने अपनी एकेडमिक सोसाइटी क्रिटिक के तहत बाबा जीवन सिंह सेवा और समर्पण का स्तंभ विषय पर सोमवार को आनलाइन राष्ट्रस्तरीय वेबिनार का आयोजन किया गया। बेबिनार में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर के स्कूल ऑफ पंजाबी स्टडीज के प्रोफेसर एवं चेयरपर्सन डॉ. मनजिंदर सिंह व कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र के पंजाबी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर एवं चेयरपर्सनडॉ. कुलदीप सिंह ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. मनजिंदर सिंह ने कहा कि बाबा जीवन सिंह का जीवन निस्वार्थ सेवा, अनुशासन और त्याग की निशानी है। हमें जाति और वर्ण से ऊपर उठकर गुरमत के सिद्धांतों के अनुसार शहीदों का सम्मान करना चाहिए। शहीद देश की पूंजी हैं। उन्होंने बाबा जीवन सिंह जी की पर्सनैलिटी की खासियत पर खास जोर दिया। जबकि डॉ. कुलदीप सिंह ने सिख इतिहास में हुए बदलावों का जिक्र करते हुए। सिख इतिहास में बाबा जीवन सिंह और उनके परिवार की भूमिका पर रोशनी डाली। मौके पर प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने कहा कि बाबा जीवन सिंह की विरासत स्टूडेंट्स को हिम्मत, सेवा और नैतिक ताकत के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। इस वेबिनार में हिंदी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनय चंदेल व प्रोफेसर डॉ. रमनदीप महल, कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर आदि ने भी अपने विचार रखे।

**शिलान्यास** | नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास

# परशुराम, नीलकंठ व तेलीमाजरा कॉलोनी में होंगे 47.16 लाख के विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम की ओर से वार्ड नंबर एक में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नगर निगम मेयर सुमन बहमनी ने 47.16 लाख रुपये की लागत से परशुराम कॉलोनी, नीलकंठ कॉलोनी एवं तेलीमाजरा कॉलोनी की विभिन्न गलियों के नवनिर्माण और स्टॉर्म वाटर लाइन डालने के कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। उन्होंने भाजयुमो जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी, मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा, वार्ड पार्षद रीना रस्तोगी के साथ गलियों के नवनिर्माण व स्टॉर्म वाटर लाइन डालने कार्य का नारियल फोड़ शुभारंभ किया।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि यह विकास कार्य होने से क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी और स्थानीय नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होगी। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराना है। ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इन कॉलोनियों की गलियों की हालत खराब थी और बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती थी। स्टॉर्म वाटर लाइन डाली जाने से बारिश के पानी की निकासी सुचारू होगी और जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और तय समय सीमा में कार्य को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम जनता के टैक्स के पैसे से विकास कार्य कर रहा है। इसलिए हर कार्य पारदर्शिता और मजबूती के साथ होना चाहिए।

पार्षद रीना रस्तोगी ने मेयर सुमन बहमनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से वे इन समस्याओं को लेकर निगम से मांग कर रहे थे। अब गलियों के नवनिर्माण और स्टॉर्म वाटर लाइन डालने से क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। नगर निगम सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर सभी गलियों का निर्माण किया जाएगा। शिलान्यास समारोह के साथ ही क्षेत्रवासियों में विकास कार्यों को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। मौके पर भाजपा जिला सचिव प्रभा सागर, पार्षद जयंत स्वामी व पूर्व पार्षद संजय शर्मा आदि मौजूद रहें।




यमुनानगर। वार्ड एक में होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## घने कोहरे, शीतलहर और अत्यधिक ठंड के दौरान बरतें सावधानी : एसडीएम



लाडवा। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि घने कोहरे, शीतलहर और अत्यधिक ठंड के दौरान पूरी सावधानी बरतें तथा सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करें। उन्होंने आमजन से अपील की है कि ठंड के मौसम में विशेषकर सुबह और रात के समय दृश्यता कम हो जाती है, ऐसे में वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाना चाहिए और लो बीम लाइट का प्रयोग करना चाहिए। एसडीएम अनुभव मेहता ने उप मंडल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बस स्टैंड, अस्पतालों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों का नियमित निरीक्षण करें और जरूरतमंद, बेसहारा लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लें। उन्होंने कहा कि सर्दी से बचाव के लिए हरियाणा सरकार द्वारा विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। इसके तहत जरूरतमंद लोगों के ठहरने के लिए अस्थायी रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं, जहां सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। रैन बसेरों में स्वच्छता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। एसडीएम अनुभव मेहता ने आमजन को सलाह देते हुए कहा कि सर्दी से बचाव के लिए पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें, सिर, गर्दन, हाथ और पैरों को अच्छी तरह ढक कर रखें। घरों में ठंडी हवा के प्रवेश को रोकने के लिए दरवाजे व खिड़कियां बंद रखें।

# घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित, हाईवे पर रेंग-रेंगकर चले वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में सोमवार को इस सीजन का अब तक का सबसे घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। अल सुबह से ही जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरे की मोटी चादर फैल गई। स्थिति यह रही कि 10 मीटर की दूरी पर साफ दिखाई नहीं दे रहा था। कोहरे का असर पूरे दिन बना रहा और देर शाम तक आसमान साफ नहीं हो सका। गनीमत यह रही कि जिले में कोहरे की वजह से कोई हादसा नहीं हुआ। जिले का अधिकतम तापमान 21 डिग्री व न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। घने कोहरे के चलते सड़कों पर वाहनों की



कुरुक्षेत्र। वाहन की हैडलाइट जलाकर गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

रफ्तार बेहद धीमी रही। वाहन चालक हादसों से बचने के लिए दिन में भी हेडलाइट जलाकर सफर करने को मजबूर रहे। मुख्य सड़कों, हाईवे और शहर के व्यस्त चौराहों पर वाहन रेंगते नजर आए। कोहरे के कारण कई जगहों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही, जिससे आम लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्कूल जाने वाले बच्चों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और अन्य लोगों को काफी दिक्कत उठानी पड़ी।

### *ठंड में काम करना मुश्किल*

*शहरवासी रमेश, अनिल व लक्ष्य ने बताया कि ठंड में काम कर पाना मुश्किल हो रहा है। ठंड से बचने के लिए एक साथ कई गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। दिनभर वह अलाव जलाकर हाथ सेकते रहे। कोहरे की वजह से कहीं जाना भी मुश्किल हो गया। कोहरे के साथ-साथ बादलों की मौजूदगी ने ठंड का असर और बढ़ा दिया। दोपहर करीब एक बजे धूप निकलने पर आमजन को ठंड से राहत मिली। ठंड से बचने के लिए लोग सड़कों के किनारे अलाव जलाकर हाथ सेंकते दिखाई दिए। खासकर सुबह और शाम के समय ठंड का प्रकोप ज्यादा महसूस किया गया।*

### कोहरे में ये करें

- कोहरा होने पर किसान अपने ट्रैक्टर ट्रॉली व भैंसा बुग्गी पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाएं, ताकि पीछे आने वाले वाहनों को दिक्कत न हो।
- हो सके तो सफेद एलईडी लाइट का प्रयोग न करें, यह रोशनी सामने से आने वाले वाहन चालकों की देखने की क्षमता को खत्म कर देती है।
- कोहरे में हाईवे पर चलते हुए नियमों का पालन करें, गलत दिशा में वाहन न चलाएं।
- कोहरे में चलते हुए आगे चल रहे वाहन से उचित दूरी बनाकर रखें, ताकि अगले वाहन के समय से ब्रेक लगाकर बचा जा सके।

## खबर संक्षेप

### सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में आज पहुंचेंगे सीएम सैनी

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। इस महोत्सव का समापन समारोह द्रोणाचार्य स्टेडियम में 23 दिसंबर को सायं 2 बजे होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे और विजेताओं को सम्मानित करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद नवीन जिंदल करेंगे।

### लघु सचिवालय के सभागार में दिशा की बैठक आज

कुरुक्षेत्र। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी कमेटी (दिशा) की पांचवीं बैठक 23 दिसंबर 2025 को सुबह 10:30 बजे लघु सचिवालय के सभागार में होगी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शंभू राठी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता सांसद नवीन जिंदल करेंगे। इस बैठक का एजेंडा सभी विभागीय अधिकारियों को भेज दिया गया है। इस बैठक में सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे और अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित एटीआर जल्द से जल्द प्रशासन के पास भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।

### धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस



कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान संचालित विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर- 3 में भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः वंदना सत्र में भगत सिंह सदन द्वारा दीप प्रजनन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय गणित आचार्या श्रीमती प्रोमिल, श्रीमती बालाजी एवं सोमेश द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन के अवसर पर श्रीमती भारती ने रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डाला तथा बताया कि कैसे विकट परिस्थितियों। नन्हे मुन्ने छात्रों के द्वारा अनेक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में कक्षा सप्तम के छात्रों द्वारा गणित विषय के महत्व से संबंधित नाटक प्रस्तुत किया गया।

## केशव पार्क से लघु सचिवालय तक किया प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी

# एचकेआरएन से जोड़ने की मांग को लेकर अनुबंध कर्मचारियों का रोष मार्च

*पुलिस ने कर्मचारियों के पहुंचने पर लघु सचिवालय के प्रवेश द्वार के गेट को बंद कर दिया, प्रधान अभिषेक ने बताया कि मुख्यमंत्री से मिलाने आश्वासन दिया था लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उन्हें नहीं मिलवाया गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन ने 1271 कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम से जोड़ने की मांग को लेकर पिछले एक सप्ताह से केशव पार्क में धरना देकर बैठे कर्मचारियों ने सोमवार को केशव पार्क से लेकर लघु सचिवालय तक केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पुतला लेकर रोष मार्च निकाला। कर्मचारियों के रोष मार्च के मध्यनजर पुलिस प्रशासन भी हरकत में आ गया। पुलिस ने कर्मचारियों के लघु सचिवालय पहुंचने पर लघु सचिवालय के प्रवेश द्वार के गेट को बंद कर दिया। पुलिस प्रशासन ने कर्मचारियों को लघु सचिवालय के बाहर ही रोक दिया। पुलिस के अधिकारियों ने रोष प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों से पुतले पर लगी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की फोटो उतारने के लिए कहा



कुरुक्षेत्र। पुतला फूंकते एसोसिएशन के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



कुरुक्षेत्र। लघु सचिवालय परिसर का बंद पड़ा गेट। फोटो : हरिभूमि

लेकिन कर्मचारियों ने फोटो उतारने से मना कर दिया। इस पर कर्मचारियों ने वहीं पर ही पुतले का दहन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। एसोसिएशन के प्रधान अभिषेक ने बताया कि एसडीएम करनाल ने उन्हें एक सप्ताह के अंदर मुख्यमंत्री से मिलाने आश्वासन दिया था लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उन्हें मुख्यमंत्री से नही मिलवाया गया। प्रशासन ने उनके साथ वादाखिलाफी की है। वे अपना हक मांग रहे है। अभिषेक ने बताया कि उनकी यात्रा 26 सितंबर से चली हुई है। एसोसिएशन का कहना है कि यह मांग जायज है।

### सरकार कर रही भेदभाव

सरकार ने अन्य विभागों के हजारों कर्मचारियों को एचकेआरएन से जोड़ा है। रोहतक पीजीआई में अनुबंध आधार पर काम कर रहे कर्मचारियों के साथ ही भेदभाव क्यों किया जा रहा है। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि वे उम्मीद के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुरुक्षेत्र निवास पहुंचे थे कि उनकी बात सुनी जाएगी, परंतु मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर विचार करने के बजाय पुलिस की सहायता से दमन कराया और कर्मचारियों को जबरन बसों में भरकर रोहतक भेज दिया। इसके बाद से ये कर्मचारी कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे केशव पार्क में धरने पर बैठे हुए हैं।

*पूर्व राज्यमंत्री ने वार्ड 1 में सामुदायिक केंद्र के हॉल निर्माण कार्य का किया शुभारंभ*

# थानेसर हलके के विकास पर सरकार का फोकस : सुधा



कुरुक्षेत्र। सामुदायिक केंद्र के हॉल निर्माण कार्य का शुभारंभ करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि सरकार ने आमजन की सुविधाओं को जहन में रखकर योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। इस सरकार ने थानेसर हलका को विशेष फोकस रखकर योजनाएं तैयार की हैं। इस हलके के विकास पर कई सौ करोड़ रुपये का बजट खर्च किया है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को वार्ड 1 में नगर परिषद की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, नरेंद्र शर्मा निंदी, कवि बजाज, गौरव भट्द्दट, महंत महेश मुनी, हरीश अरोड़ा ने विधिवत रूप से वार्ड 1 जिंदल पार्क के साथ बने सामुदायिक केंद्र के प्रथम तल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस प्रोजेक्ट पर करीब 13 लाख 56 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इसके अलावा पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने वार्ड 2 में मोहन लाल के घर से बलबीर के घर तक 11.58 लाख रुपये की लागत से बनने वाली गली, वार्ड 3 में झांसा रोड से रामजीलाल कैटर के प्लाट तक 9.28 लाख की लागत से बनने वाली गली तथा, वार्ड 4 में गांधी नगर कीर्ति नगर में 15.38 लाख की लागत से बनने वाली गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नरेंद्र शर्मा निंदी, कवि बजाज, गौरव भट्ट, कपिल शर्मा, गोबिंद शर्मा, अनमोल बजाज, अरविंदर कौशिक मलकीत ढाडा मौजूद रहे।

*वरिष्ठ नेता डीडी शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित*

# गांव भैंसी माजरा में ग्रामीणों ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

विधानसभा पिहोवा के गांव भैंसी माजरा में भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी के नेतृत्व में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने पंडित जय भगवान शर्मा डीडी का फूल-मालाओं और हरियाणा की शान मानी जाने वाली पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच सुभाष चन्द सहित कई ग्रामीणों ने कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में आस्था जताई और पंडित जय भगवान शर्मा डीडी के नेतृत्व में विधिवत भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला और लोगों ने राष्ट्रवाद, विकास और विश्वास की राजनीति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



### पार्टी के साथ मजबूती से खड़े रहने का संकल्प लिया

पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने इस अवसर पर कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पारदर्शी और जनहितैषी नीतियों तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत, ईमानदार और विकासोन्मुख नेतृत्व से प्रभावित होकर आज बड़ी संख्या में लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं बिना भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जिससे जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जो भी कार्यकर्ता और ग्रामीण अन्य दलों को छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं, पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा और उनके विकास से जुड़े किसी भी कार्य में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने केंद्र और हरियाणा सरकार की विकास योजनाओं, सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए कार्यों की सराहना की और भाजपा के साथ मजबूती से खड़े रहने का संकल्प लिया। इस मौके पर दिलेर शर्मा पार्षद थानेसर, भीम सिंह, महेंद्र सिंह, चंद्रभान, सोम दत्त, अमरनाथ, ओमीचंद, ओम प्रकाश ,जयभगवान,वीरभान शर्मा ,बलविंदर शर्मा, कृष्ण कुमार, संदीप कुमार सरपंच आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे ।



### सतीश शर्मा सर्वसम्मति से महादेव गोशाला के प्रधान बने

कुरुक्षेत्र। श्रीमहादेव गोशाला की संचालन समिति महादेव सेवा समिति का चुनाव का दायित्व चुनाव अधिकारी अशोक रोशा की अध्यक्षता में हुआ जिसमें प्रधान के पद के लिए सतीश शर्मा का नाम का प्रस्ताव रोशन लाल मितल ने रखा, जिसे बृज मोहन गुप्ता ने अनुमोदित किया दूसरा अनुमोदन सरदार गुरबख्श ने रखा करतल ध्वनि से सतीश शर्मा जोकि आगामी 2 वर्ष के लिए महादेव सेवा समिति का प्रधान चुन लिया गया। चुनाव अधिकारी अशोक रोशा ने बताया श्री महादेव गोशाला समिति जिले की अग्रणी गोशाला में अपना स्थान रखती है जिसमें इस समय 300 गौ वंश की सेवा होती है। महादेव सेवा समिति के 76 सदस्य है। इसके साथ-साथ कुरुक्षेत्र के सैकड़ों दानवीर गौ भक्तों का सहयोग हमेशा में समय-समय पर मिलता रहता है।

# गुरुकुल तथा सतलुज स्कूल में बच्चों ने किया ध्यान साधना का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा योग आयोग के निदेर्शानुसार, आयुष विभाग कुरुक्षेत्र एवं शिक्षा विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा विभिन्न योग संस्थाओं के सहयोग से द्वितीय विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में आज गुरुकुल, कुरुक्षेत्र व सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद में ध्यान योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र उच्चारण के पश्चात भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर द्वारा गुरुकुल के विद्यार्थियों को प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा ने मधुर स्वर में बांसुरी वादन के साथ ध्यान साधना का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल, डायरेक्टर, सभी वार्डन, शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रिंसिपल सूबे सिंह को सम्मानित करते आयोजक।

### ध्यान विद्यार्थियों के लिए जरूरी

घनी धुंध व सर्द मौसम के बावजूद विद्यालय के लगभग 800 विद्यार्थियों ने ध्यान योग प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। अपने उद्बोधन में गुरुकुल, कुरुक्षेत्र के पूर्व विद्यार्थी एवं जिला सहायक शिक्षा अधिकारी खेल जसबीर सिंह ने कहा कि ध्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इससे उनका स्वास्थ्य, बुद्धि, एकाग्रता व सकारात्मकता बढ़ती है। जिला योग विशेषज्ञ मनजीत व आयुष योग सहायक सुरेंद्र ने आयोजन में सहयोग दिया। शाहाबाद मारकंडा में सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मुख्य अतिथि आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के पूर्व कुलपति डॉ बलदेव धीमान, हरियाणा योग आयोग के वाइस चेयरमैन डॉ रोशन लाल, विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ रघबीर सिंह घुम्मन व उपस्थित गणमान्य महानुभावों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात आयुष योग सहायक कर्मवीर, वीरेंद्र तथा भारतीय योग संस्थान की जोन मंत्री सुप्रभा व अन्य अधिकारी ने प्राणायाम का अभ्यास करवाया।



कुरुक्षेत्र। शिविर में मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### भैसी माजरा गांव में लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, 113 रोगियों का किया चेकअप

कुरुक्षेत्र। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने और समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से, डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने भैसी माजरा गांव में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में डॉ हिमांशु जैन ने कहा कि हमारा उद्देश्य न केवल बीमारी का इलाज करना है, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना भी है। इस शिविर के माध्यम से हमने स्वास्थ्य सेवाओं को उन तक पहुंचाने का प्रयास किया, जो इन्हें वहन करने में असमर्थ हैं। बुजुर्गो को ज्यादा सर्दी से बचना चाहिए ताकि सर्दी नर्वस सिस्टम को प्रभावित ना कर सके। बुजर्गो को सर्दी से बचने के उपायों पर भी विस्तार से बताया। डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में 2062 वॉ कैंप आयोजित किया गया। कैंप में 113 रोगियों को परामर्श,चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। गुरविंदर कौर समाजसेवी ने गाँव की सरपंच शीला रानी ,सुभाष समाजसेवी संदीप सरपंच प्रतिनिधि,राजकीय माध्यमिक विद्यालय के स. सुखविंदर सिंह, रामेश्वर के सहयोग से कैंप लगवाने में अहं भूमिका निभाई।

**उपलब्धि** कुलपति प्रो. सचदेवा के नेतृत्व में हासिल कीं अनेक उपलब्धियां

# प्लेसमेंट से पुरस्कार तक केयू ने 2025 में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल नेतृत्व में वर्ष 2025 विश्वविद्यालय के लिए अभूतपूर्व उपलब्धियों और समग्र प्रगति का वर्ष रहा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक, शोध, खेल, सांस्कृतिक और प्रशासनिक सभी क्षेत्रों में नई ऊँचाइयाँ छुईं। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एन.आई.आर.एफ.) 2025 में राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय श्रेणी में 35वाँ स्थान प्राप्त कर तथा शिक्षण, शोध और ग्रेजुएट आउटकम जैसे मानकों पर स्कोर बढ़ाकर राष्ट्रीय शिक्षा क्षेत्र में अपनी गुणवत्ता का लोहा मनवाया। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने



कुरुक्षेत्र। विश्वविद्यालय का प्रवेश द्वार। फोटो : हरिभूमि

बताया कि शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को मटीरियल साइंस के ड्रीम्स प्रोजेक्ट के लिए 10 करोड़ रुपये की ग्रांट मिली। भूभौतिकी विभाग की टीम को भारत-इटली संयुक्त विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी योजना के तहत भूकंपीय खतरे के आकलन हेतु अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजना प्राप्त हुई। यू.आई.ई.टी. संस्थान द्वारा विकसित मल्टी वेजिटेबल ट्रांसप्लांटर के पेटेंट से कृषि क्षेत्र में क्रांति आने की उम्मीद है। शिक्षा विभाग के विशेष शिक्षा कार्यक्रमों को भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) द्वारा उत्कृष्टता केंद्र घोषित किया गया। रणनीतिक सहयोग एवं उद्योग संपर्क के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण कदम उठाए। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रशासनिक सुधारों के तहत विद्यार्थी हित में आटो अपील सिस्टम पोर्टल और दूरस्थ शिक्षार्थियों के लिए केयूके लर्नर मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया। दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा के प्रसार को और मजबूती देते हुए 21 जुलाई को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय , दुधोला, चौधरी बंसीलाल विवि, भिवानी, जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए, फरीदाबाद) तथा सनातन धर्म महाविद्यालय, अंबाला छावनी के साथ शिक्षार्थी सहायता केंद्र स्थापित करने के लिए ज्ञापन किया गया।

### दीक्षांत समारोह में जुड़ा गौरवशाली अध्याय

शिक्षा मंत्रालय के अखिल भारतीय शिक्षा समागम में चार नए प्रशिक्षुता-आधारित डिग्री कार्यक्रमों की शुरूआत की गई, जो रोजगारपरक शिक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह में 18 फरवरी 2025 को एक ऐतिहासिक और गौरवशाली अध्याय जुड़ा। समारोह की शोभा बढ़ाते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (डी.लिट्) की मानद उपाधि प्रदान की गई। इसी कड़ी में, अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत का गौरव बढ़ाने वाले इसरो के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक डॉ. सोमनाथ एस को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉक्टर ऑफ साइंस (डी.एससी) की मानद उपाधि और गोयल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक दिन को और यादगार बनाते हुए 2000 स्नातकोत्तर एवं स्नातक के विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित की गई। साथ ही, विश्वविद्यालय की शोध क्षमता का प्रमाण देते हुए 130 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई और अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले 91 मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया।



कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

